D.No. 332
07/10/2020
AR2S Cell

डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय
पूसा, समस्तीपुर–848125

पत्रांक : 2 / स्था0 / L.C.T.E. / 03 / 2019 / 1035 / रा0प्र0के0कृवि0, पूसा दिनांक 07 / 10 / 2020

प्रेषक,

उपकुलसचिव (स्था0)

सेवा में,

सभी अधिष्ठाता / सभी निदेशक
कुलसचिव / नियंत्रक
सभी विभाग प्रधान /
सभी वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र
प्रभारी पदाधिकारी, डेयरी फार्म / सुरक्षा शाखा
विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष
क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, माधोपुर / झंझारपुर / बिरौल
उप कुलसचिव(नियुक्ति)

विषयः– सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर प्रशाखा पदाधिकारी (प्रशासनिक प्रभाग) के पद पर वेतनमान 9300–34800 ग्रेड पे 4800 (स्तर–08) में पदोन्नति के संबंध में।

महोदय,

सूचित करना है कि विश्वविद्यालय के अन्तर्गत सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर प्रशाखा पदाधिकारी के पद पर वेतनमान 9300–34800 ग्रेड पे 4800 / – (स्तर–08) में पदोन्नति करने का निर्णय लिया गया है। पदोन्नति के लिए आवेदन प्रपत्र, योग्यता एवं मानदण्ड संलग्न है।

अतः आपसे अनुरोध है कि कोई भी स्थायी या नियमित कर्मचारी जो सहायक / निजी सहायक के पद पर लगातार पाँच वर्षो की सेवा पूरी किये हों, से आवेदन प्राप्त कर दिनांक 10 नवम्बर 2020 (अपराह्न 5:00 बजे) तक अधोहस्ताक्षरी को भेजने का कष्ट करेंगे। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

अनुलग्नकः
1. आवेदन प्रपत्र
2. योग्यता एवं मानदंड

विश्वासभाजन

06/10/2020
उप कुलसचिव (स्था0)

06.10.2020

प्रतिलिपिः एरिस सेल को विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर डालने के लिए प्रेषित।
प्रतिलिपिः कुलपति के सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।

आवेदन प्रपत्र

डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर

प्रशाखा पदाधिकारी (प्रशासनिक प्रभाग) के पद पर वेतनमान् 9300–34800 ग्रेड पे 4800(स्तर–08) में सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा हेतु आवेदन प्रपत्र।

(आवेदनकर्त्ता के द्वारा भरा जाएगा)

कृपया निम्नलिखित सूचना अंकित करें

1. अभ्यर्थी का नाम :
2. पदनाम :
3. जन्मतिथि :
4. पिता / पति का नाम :
5. वर्तमान वेतन स्तर एवं वेतनमान :
6. वर्तमान पदस्थापन का स्थान :
7. सेवा में प्रवेश की तिथि :
8. सहायक / निजी सहायक के पद पर प्रवेश की तिथि :
9. परीक्षा देने का माध्यम (हिन्दी या अंग्रेजी) :
10. श्रेणी (अनुसूचित जाति / जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / सामान्य) :
11. शैक्षणिक योग्यता :
12. कोई अन्य सूचना :
13. अतिरिक्त योग्यता :

दिनांक :

आवेदनकर्त्ता का हस्ताक्षर

नाम :

पदनाम :

घोषणा पत्र

मैं घोषणा करता / करती हूँ कि आवेदन में दिए गए सभी सूचना मेरे ज्ञान और विश्वास में पूर्ण और सत्य है।

आवेदक का हस्ताक्षर

दूरभाष संख्याः

मोबाईल नं0

(कार्यालय प्रधान द्वारा भरा जाएगा)

1. श्री / श्रीमती / कुमारी...सहायक / निजी सहायक के रूप में 5 साल नियमित एवं लगातार सेवा की है एवं प्रशाखा पदाधिकारी (प्रशासनिक प्रभाग) पद के लिए आयोजित होनेवाले सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने के लिए योग्य हैं।
2. ये अनुसूचित जाति / जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / सामान्य...............................श्रेणी के हैं।
3. प्रशाखा पदाधिकारी(प्रशासनिक प्रभाग) के पद पर पदोन्नति हेतु उसे अयोग्य करनेवाली कोई भी परिस्थिति नहीं है।
4. वे सतर्कता एवं अनुशासनात्मक दृष्टिकोण से सही हैं।

कार्यालय / संस्था प्रधान का हस्ताक्षर

Cani 06.10.20   रूनेशरी 06/10/2020

डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा

सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से प्रशाखा पदाधिकारी (प्रशासनिक प्रभाग) के पद पर वेतनमान् 9300–34800 ग्रेड पे 4800(स्तर–8) में चयन हेतु शर्तें ।

योग्यता एवं मानदण्ड

समूह 'बी' में सहायक/ निजी सहायक के पद पर लगातार पाँच वर्षो की सेवा पूरा करने वाले स्थायी या नियमित कर्मचारी जो निम्नलिखित शर्तों को पूरा करते हों सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा में बैठने के लिए पात्र होगें ।

क्र0सं0	पद	वेतनमान	योग्यता	पदों की संख्या
01.	प्रशाखा पदाधिकारी	9300–34800 ग्रेड पे 4800 (स्तर–8)	1. किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री अथवा समकक्ष। 2. सहायक/निजी सहायक के पद पर कम से कम 05 वर्षो की लगातार सेवा का कार्यानुभव।	07 (अनारक्षित–06 एवं अनुसूचित जाति–01)

नोटः– उम्मीदवार जो न्यूनतम योग्यता धारण नहीं करते हैं वे परीक्षा में आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं ।

1. उम्मीवार आवेदन करने की अन्तिम तिथि को समूह 'बी' में सहायक/ निजी सहायक के पद पर लगातार पाँच वार्षो की नियमित सेवा की हो।
2. उम्मीदवार को अपना आवेदन उचित माध्यम से उप कुलसचिव (स्थापना), रा0प्र0के0कृ0वि0, पूसा के कार्यालय में निर्धारित अन्तिम तिथि तक जमा करना होगा। अन्तिम तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. रा0प्र0के0कृ0वि0, पूसा में कार्यरत सहायक/ निजी सहायक ही सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा हेतु आवेदन के पात्र होगें।
4. परीक्षा कार्यक्रम :

   लिखित परीक्षा का कार्यक्रम निम्नवत हैः–

क्र0सं0	परीक्षा का विषय	परीक्षा का प्रकार	कुल अंक	अवधि
1.	सामान्य अध्ययन, भारतीय संविधान, विश्वविद्यालय का अधिनियम– परिनियम एवं अध्यादेश।	वस्तुनिष्ठ	150	02 घंटे
2.	केन्द्रीय सिविल सेवा नियम।	वस्तुनिष्ठ	150	02 घंटे
3.	टिप्पणी एवं प्रारूपण, सार लेखन	लिखित	100	02 घंटे

नोटः– परीक्षा देने का माध्यम अगर हिन्दी चुनते हैं तो सभी प्रश्नों का उत्तर हिन्दी में ही देना होगा । अंग्रेजी में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेगा । इसी प्रकार अगर परीक्षा देने का माध्यम अग्रेंजी चुनते हैं तो सभी प्रश्नों का उत्तर अग्रेंजी में ही देना होगा । हिन्दी में दिए गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेगा ।